Need to repair the roads excavated during laying of pipelines under ?Har Ghar Nal Se Jal? Scheme in Azamgarh Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -laid

श्री धर्मेन्द्र यादव **(आज़मगढ़)** : मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) की बहुत ही गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूँ । केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही घर हर नल से जल योजना के कारण गांव की गलियों जिनमें पक्कीकरण का कार्य हो रखा था पानी की पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई की गई और उसे दुवारा से पक्का नहीं किया गया जिसके कारण लोगो को असुविधा हो रही है । एक तरफ तो केंद्र सरकार हर घर नल से जल पहुंचा रही है । दूसरी तरफ लोगो को असुविधा पहुंच रही है, क्योंकि गलियों को खोदकर बिना मरम्मत किए खुला छोड़ दिया गया । गलियों की मरम्मत का कार्य न होने से लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं तथा परेशानियों का सामना कर रहे हैं ।

मैं माननीय जल शक्ति मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जहाँ -जहाँ हर घर नल द्वारा जल पहुँचाने के लिए पाइपलाइन बिछाने के लिए गलियों की खुदाई हुई थी उनकी मरम्मत का कार्य करने के लिए आदेश दिए जायें ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े ।

मैंने जनहित में अपनी बात रखी है और मंत्री जी से निवेदन है कि इस काम को शीघ्र करवाया जाए। बहुत-बहुत धन्यवाद ।